**Company Secretary cum Compliance Officer**

**Date: 04.09.2024**
**Place: New Delhi**

## प्रीमियम बस योजना दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है : गहलोत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की एप्प-आधारित 'प्रीमियम बस एग्रीगेटर स्कीम' दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। यह बात बुधवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने राजघाट डिपो में उबर की बसों के निरीक्षण के दौरान कही। गौरतलब है कि दिल्ली में यातायात की स्थिति सुधारने, नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा प्रदान करने और प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने प्रीमियम बस सेवा की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, उबर ने अपनी सेवा शुरू कर दी है, जिसमें आधुनिक और आरामदायक बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को राजघाट डिपो पहुंचकर बसों का निरीक्षण किया, जो कि इस योजना की शुरुआत का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गुस्साए लोगों ने थाने पर किया प्रदर्शन

# छह साल के बच्चे से कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

गोविंदपुरी इलाके में छह साल के बच्चे को अगवा कर कुकर्म किया गया। आरोप एक पड़ोसी पर है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया। इस घटना से गुस्साए लोगों ने थाने पर पहुंचकर जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मंगलवार रात घंटो सड़क बाधित रही। आखिर में सीनियर अफसरों के समझाने बुझाने पर स्थिति को कंट्रोल में लाया गया।

पुलिस के मुताबिक एक सितंबर को छह वर्षीय बच्चे के लापता होने का मामला सामने आया था। कुछ घंटों की खोजबीन के बाद बच्चा लगभग साढ़े 12 बजे



परिजन को मिल गया था। परिजन उसे पुलिस स्टेशन लाये थे। बच्चे की मेडिकल जांच और बयान होने के बाद उसे लाजपत नगर स्थित केयर होम भेजा गया। दो सितंबर को परिजनों ने किसी तरह के यौन उत्पीड़न का आरोप किसी पर नहीं लगाया। इसके बाद बच्चे को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने भी पेश किया गया था। वहां बच्चे ने एक शख्स पर अनुचित तरीके से छूने का आरोप लगाया। बाद में पुलिस ने बच्चे को परिजनों के हवाले कर दिया। मंगलवार शाम यानि तीन सितंबर को बच्चे के साथ हुई गंदी हरकत को लेकर परिजनों द्वारा पुलिस कॉल की गई। यह पता चलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूंट पड़ा और वे बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए। इनमें महिलाएं भी शामिल थी। पुलिस को मौके पर पहुंचने पर पता चला कि बच्चे से कुकर्म करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसी का पड़ोसी है। गुस्साए लोगों ने आरोपी पर हमला करने का प्रयास भी किया, लेकिन किसी तरह पुलिस उसे बचाकर पुलिस स्टेशन ले गई। बाद में पुलिस ने किडनैपिंग के इस केस में पॉक्सो एक्ट की धारा को भी शामिल कर लिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने गोविंदपुरी थाने के बाहर पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई। लोग आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ राजनीति से प्रेरित लोगों ने उपद्रव किया, जो उग्र भीड़ को श्रीलाल चौक गोविंदपुरी तक ले आए। यहां करीब 10 मिनट तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

## मेवात का हथियार तस्कर स्पेशल स्टाफ के हत्थे चढ़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ हथियार और कारतूस बरामद

स्पेशल स्टाफ द्वारका टीम ने एक मेवाती हथियार सप्लायर को अरेस्ट किया है। इसके पास से दो देशी कट्टे और पांच कारतूस बरामद हुये। आरोपी तौफीक मोहम्मद पहले भी हथियार आपूर्ति के मामलों में शामिल रहा है।

एडिशनल डीसीपी निशांत गुप्ता के अनुसार 6 मार्च 23 को मेवात के हथियार आपूर्तिकर्ता लवकुश को स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से आधा दर्जन कट्टे और एक दर्जन कारतूस बरामद हुये थे। इस संबंध में द्वारका नॉर्थ थाने में केस दर्ज किया गया था। इसके साथ ही रिसीवर नासिर को एक देशी कट्टे और दो कारतूस के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ पर आरोपी नासिर ने बताया था कि वह रमजान, आमिर और तौफीक के निर्देश पर अवैध असलहों की सप्लाई करता है। नासिर की निशानदेही पर सह-अभियुक्तों रमजान, आमिर और तौफिक के ठिकानों पर छापेमारी की गई। लेकिन सभी गिरफ्तारी से बच रहे थे। हाल ही में तौफीक के बारे में इनपुट मिला था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। तौफीक जिला अलवर, राजस्थान का रहने वाला है। इसके साथियों रमजान और आमिर को पकड़ने के प्रयास जारी है।

## अदालत ने चाणक्यपुरी में बारिश के पानी में डूबे लड़के की मौत के मामले में एनडीएमसी से जवाब मांगा

एजेंसी▶▶नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले महीने चाणक्यपुरी इलाके में बारिश के पानी में 15 वर्षीय एक लड़के के कथित रूप से डूबने से जुड़ी याचिका पर बुधवार को एनडीएमसी से जवाब मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दायर जनहित याचिका पर नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को नोटिस जारी किया। शेखावत ने इस त्रासदी के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का अनुरोध किया है। एनडीएमसी के वकील ने याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा और कहा कि एनडीएमसी क्षेत्रों में इतना जलभराव नहीं है। हालांकि, पीठ ने कहा कि यह बयान सही नहीं है। भारी बारिश के बाद, मध्य दिल्ली के चाणक्यपुरी में 23 अगस्त को ब्रिटिश स्कूल के पास सड़क किनारे जमा बारिश के पानी में लड़का डूब गया, जब वह अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। याचिकाकर्ता ने मृतक के परिवार के लिए मुआवजे का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि एनडीएमसी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई दिसंबर में तय की है।

# रुपयों के लेनदेन में युवक को गोली मारी, घायल अस्पताल में भर्ती

**कार मौके पर छोड़ भागे हमलावर मालवीय नगर की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

साउथ दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में एक युवक को गोली मार दी गई। घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से एक कार जब्त की है, जिसे हमलावर छोड़कर फरार हुये थे। घायल युवक का नाम विकास (26) बताया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। वारदात के चश्मदीद ने कुछ लोगों के नाम पुलिस को बताये हैं। मामला रुपयों के लेनदेन से जुड़ा बताया जाता है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े बजे मालवीय नगर थाने को इस घटना की पीसीआर कॉल मिली थी। कालू सराय निवासी कॉलर ने बताया कि तीन लड़के कार से



आए थे, जो उसके भतीजे विकास पर फायरिंग कर भाग गए। विकास को हॉस्पिटल ले जाया गया है। साथ ही बताया गया कि हमलावर जिस कार से आये थे वह मौके पर ही छोड़ गए। लोकल पुलिस, क्राइम और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच जांच की। घटनास्थल से एक कारतूस, गोली का खोल व अन्य सामान मिला। मौके पर मिले राहुल ने बताया कि यह हमला विकास के दोस्त अनीश निवासी सोनीपत ने रितिक व एक अन्य युवक के साथ मिलकर किया है। राहुल का अनीश से रुपयों को लेकर विवाद था। यह हमला उसी का नतीजा है। पुलिस सूत्रों का कहना है घटना के समय विकास ने राहुल को बचाने का प्रयास किया था। राहुल तो बच गया लेकिन वह वारदात का शिकार हो गया। पुलिस ने मामले में राहुल के बयान पर हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सलिल कपूर की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने की प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एटलस साइकिल्स के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कपूर मंगलवार अपराह्न को डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम रोड स्थित अपने तीन मंजिला घर के भूतल के फर्श पर मृत पाए गए थे और उनके सिर में गोली लगने का निशान था। घटनास्थल से बरामद एक कथित सुसाइड नोट में सलिल कपूर (65) ने अपने ऊपर आर्थिक बोझ और चार लोगों द्वारा उत्पीड़न किये जाने का जिक्र किया है। एक अधिकारी के अनुसार, सुसाइड नोट में जिन चार लोगों का नाम है, उनके खिलाफ तुगलक रोड पुलिस थाने में बीएनएस की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। चारों आरोपी हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि चारों को जल्द ही जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। पुलिस सूत्रों ने कहा कि अंग्रेजी में लिखे एक पन्ने के सुसाइड नोट में कपूर ने लिखा है कि वह अपनी जान खुद ले रहे हैं। बुधवार को पुलिस ने तीन डॉक्टरों का एक बोर्ड गठित किया और शव का पोस्टमार्टम कराया तथा शव परिजनों को सौंप दिया।

# दिल्ली दंगे 2020: यूएपीए मामले में शरजील इमाम की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई से अदालत का इनकार

एजेंसी▶▶नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 में भड़के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया। इमाम ने दंगों की कथित बड़ी साजिश को लेकर गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपने खिलाफ दर्ज मामले में जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की खंडपीठ ने कहा कि चूंकि पहले से ही यह मामला सात अक्टूबर को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है, इसलिए निर्धारित तारीख से पहले सुनवाई करने का अभी कोई आधार नहीं है। इमाम, उमर खालिद और कई अन्य लोगों पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित तौर पर 'मास्टरमाइंड' होने के लिए यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस दंगे में




53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इमाम के वकील ने खंडपीठ को बताया कि उनके मुवक्किल की जमानत याचिका खारिज करने को लेकर निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी अपील 28 महीने से लंबित है और इस मामले को कई बार सूचीबद्ध किया जा चुका है, फिर भी कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। पीठ ने कहा कि हर दिन उसके समक्ष 80 से अधिक मामले सूचीबद्ध होते हैं और इमाम की अपील अन्य सह-आरोपियों की इसी तरह की अपीलों के साथ अगले महीने एक निश्चित तारीख को सूचीबद्ध की जा चुकी है। अदालत ने कहा कि चूंकि अपील सात अक्टूबर को अपराह्न 3:15 बजे अंतिम सुनवाई के लिए, सूचीबद्ध है, इसलिए, उस तारीख से पहले सुनवाई करने का कोई आधार नहीं है। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है।" इमाम ने शीघ्र सुनवाई संबंधी अपनी अर्जी में कहा था कि 2022 में नोटिस जारी होने के बाद उनकी याचिका को हाईकोर्ट की सात अलग-अलग खंडपीठों के समक्ष कम से कम 62 बार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। आवेदन में कहा गया था कि रोस्टर परिवर्तन, न्यायाधीशों के सुनवाई से खुद को अलग करने और न्यायाधीशों के स्थानांतरण के कारण पीठों की संरचना में लगातार बदलाव की वजह से मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो सकी और इस तरह हर बार सुनवाई का नया सिलसिला शुरू हो गया। याचिका में इस बात पर भी जोर दिया गया था कि मौजूदा मामले में मुकदमा 2020 से विशेष अदालत के समक्ष लंबित है, लेकिन जांच अब भी जारी है और अभी तक आरोप तय नहीं किये गए हैं।

**कोचिंग सेंटर में छात्रों की मौत का मामला**

# अदालत ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



एजेंसी▶▶नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर में सिविल सेवा की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से हुई मौत से संबंधित मामले में गिरफ्तार छह लोगों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह और परविंदर सिंह को 18 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायाधीश ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर आरोपियों की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाले एक आवेदन पर यह आदेश पारित किया। सीबीआई की चार दिन की हिरासत की मियाद खत्म होने पर आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत को बताया कि आगे आरोपियों से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। सीबीआई ने आपराधिक लापरवाही, कर्तव्यों की उपेक्षा और भ्रष्ट आचरण समेत विभिन्न कथित अपराधों के लिए मामला दायर किया है।


**MOHIT मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड**
CIN: L21093DL1992PLC116600
पंजी. कार्यालय : 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
वर्क्स : 9 किमी. पत्थर, नगीना रोड, बिजनौर, यू.पी.-246701
Ph: 011- 25886798,
Website: www.mohitpaper.in, E-Mail: investorsmohitpaper@gmail.com

**सदस्यों को 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक और ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

यह 27 अगस्त 2024 को दी गई हमारी पूर्ववर्ती सूचना की निरंतरता में है, जिसके द्वारा मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों को सूचित किया गया था कि कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 (दिनांक 08 अप्रैल 2020) और नवीनतम सरकुलर नं. 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 ('एमसीए सरकुलर्स') और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 (12 मई 2020), SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 (15 जनवरी 2021), SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 (13 मई 2022), सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 (05 जनवरी 2023) और नवीनतम सरकुलर नं. SEBIHO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्तूबर, 2023 ("सेबी सरकुलर्स") के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ["सेबी लिस्टिंग नियमनों"] और कम्पनी अधिनियम 2013 ('एक्ट') और उनके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में कम्पनी की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 को अप. 4.00 बजे आयोजित की जा रही है और 32वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिये किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कांफ्रेंस ('वीसी') सुविधा के माध्यम से बुलाई गई है।

32वीं एजीएम की सूचना और 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट सहित वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने समेत ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण ई-मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेजने की प्रक्रिया 03 सितम्बर 2024 को पूर्ण कर ली गई है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा उपरोक्त एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर्स के अनुसार उनके सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत थे, इसके साथ-साथ ये कम्पनी की वेबसाइट पर www.mohitpaper.in और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर www.bseindia.com और आरटीए अर्थात लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ('एलआईआईपीएल') की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध हैं। वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड / इलैक्ट्रोनिक प्रति उन शेयर धारकों को भी भेजी जाएंगी जो investorsmohitpaper@gmail.com पर हमें लिखकर इसके लिए आग्रह करेंगे।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108, सेबी लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवालयी मानक-2 और एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुपालन में, सदस्यों को 32वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर लिंक https://instavote.linkintime.co.in का उपयोग करते हुए दूरस्थ ई-वोटिंग (एजीएम से पूर्व) और ई-वोटिंग (एजीएम के दौरान) के माध्यम से इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान करने के लिए सुविधा प्रदान की गई है। कंपनी के शेयरधारक लिंक अर्थात https://instameet.linkintime.co in का उपयोग करते हुए वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं। तरीका जिसमें शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अथवा एजीएम के समय ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं और वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं, के सम्बन्ध में निर्देश एजीएम की सूचना में निहित हैं। सदस्य जो कट-ऑफ तिथि अर्थात 20 सितंबर, 2024 ("कट-ऑफ तिथि") के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करते हैं, वीडियो कांफ्रैंस वीसी/ओएवीएमके माध्यम से एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट प्रस्तावों पर इलैक्ट्रॉनिकली अपना मतदान कर सकते हैं।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. 32वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज का सम्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जाएगा ;
2. दूरस्थ ई-वोटिंग 24 सितंबर 2024 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगी ;
3. दूरस्थ ई-वोटिंग 26 सितंबर 2024 को अप. 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी ;
4. 32वीं एजीएम में या इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान करने के लिए पात्रता निर्धारित करने हेतु कट-ऑफ तिथि 20 सितंबर, 2024 है और कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजनों हेतु माने।
5. व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर अर्जन करता है और 32वीं एजीएम की सूचना भेजने के पश्चात कंपनी का सदस्य बनता है और शेयर धारण करता है और मतदान के लिए पात्र है, कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), एजीएम की सूचना में प्रदान किए अनुसार लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल) से इलैक्ट्रोनिकली मतदान करने के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा instameet@linkintime.co.in/ enotices@linkintime.co.in पर हमें एक ई-मेल लिखें अथवा टेली. : 022-49186175 पर सम्पर्क करें / 022-49186000 पर कॉल करें। यदि ऐसा व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए लिंकइनटाइम के पास पहले से ही पंजीकृत है तो मतदान करने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
6. सदस्य ध्यान दें : ए) दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् वोटिंग हेतु आरटीए द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया जाता है तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति सदस्य को नहीं दी जाएगी ; बी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें अपना मत दोबारा देने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा ; सी) इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी; और डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का अधिकार होगा।
7. अधिनियम के लागू प्रावधानों और नियमों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग में 32वीं एजीएम में संपूर्ण ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा करने के लिए कंपनी द्वारा संवीक्षाकर्ता के रूप में श्री अंकित जैन, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव (सीपी नंबर 26724) को नियुक्त किया गया है।
8. संवीक्षाकर्ता 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक में मतदान के समापन के पश्चात परन्तु एजीएम के समापन से 2 (दो) कार्य दिवसों तक इसकी अन्तिम रिपोर्ट जमा करवाएंगे ; और बैठक के अध्यक्ष या उनकी ओर से उनके द्वारा अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति संवीक्षाकर्ता द्वारा अंतिम रिपोर्ट जमा करवाने के उपरांत 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक में ग्रहण किए गए प्रस्तावों पर मतदान का परिणाम घोषित करेंगे। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट के साथ परिणाम, कंपनी की वेबसाइट पर www.mohitpaper.in पर और उसी समय बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और आरटीए को भी संचारित किया जाएगा।
9. दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम में वोटिंग से सम्बन्धित मुद्दों और चिंताओं समेत किन्हीं प्रश्नों के माम्लों में आप एफएक्यूएस और Instavote-Linkintime पर उपलब्ध इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा enotices@linkintime.co.in को एक ई-मेल लिखें अथवा 022-49186000 पर कॉल करें।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
(संदीप जैन)
प्रबंध निदेशक सह अध्यक्ष

दिनांक : 04 सितम्बर 2024
स्थान : नई दिल्ली



## 50 हजार का इनामी क्राइम ब्रांच ने दबोचा

# कई मर्डर केस में शामिल रहा अपराधी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

नरेला के डबल मर्डर केस में वांटेड 50 हजार के इनामी बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। यह मामला प्रतिद्वंद्वी गिरोह के दो सदस्यों की हत्या का था। आरोपी पहले भी एक दर्जन से अधिक जघन्य मामलों में शामिल रहा है। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, सशस्त्र डकैती, आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामले हैं। 2018 में इसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। दोहरे हत्याकांड के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। इसके साथ ही पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने के सशस्त्र डकैती के एक अन्य मामले में सात साल की सजा सुनाई गई थी।

डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार आरोपी कप्तान उर्फ तनु निवासी बांकनेर, नरेला का रहने वाला है। 46 वर्षीय बदमाश का संबंध नामी गिरोह के खूंखार और जेल में बंद गैंगस्टरों से रहा है। इसे ग्राम बिशुनपुर, जिला सारण बिहार से पकड़ा गया। आरोपी किसान परिवार से संबंध रखता है। इसका जन्म 1978 में बांकनेर में हुआ था। पिता एक किसान थे और मां गृहिणी थी। इसके तीन भाई और चार बहनें बताई गई है। 10वीं कक्षा तक सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने के बाद यह बुरी संगत में पड़ गया था। 1995 में अपने गांव के ही अनूप की हत्या कर इसने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। मृतक अनूप का इसके साथी से झगड़ा हुआ था। बदला लेने के लिए कस्सी (कुदाल) से अनूप की हत्या की गई थी। 2000 में इसने अपने साथियों के साथ मिलकर नरेला निवासी मंजीत की गोली मार हत्या की थी। यह हत्या भी साथी के साथ हुये झगड़े का बदला लेने के मकसद से



की गई थी। 2003 में इसने अपने साथियों के साथ मिलकर रविकांत उर्फ पप्पल निवासी चुलकाना की हत्या को अंजाम दिया था। यह हत्या भी साथी सुरेंद्र उर्फ काकू निवासी खेड़ी के साथ हुये झगड़ा का बदला थी। जेल में रहने के दौरान वह कुख्यात बदमाशों के संपर्क में आया और उनके गिरोह में शामिल हो गया। जेल से बाहर आने के बाद इन्होंने अपने इलाके में केबल का कारोबार शुरू किया। प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्य इलाके में अपना केबल व्यवसाय चलाना चाहते थे। इस प्रकार इनके बीच क्षेत्र में वर्चस्व की प्रतिद्वंद्विता चल रही थी। 2010 में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के दो सदस्यों ने उनके केबल कार्यालय में आग लगा दी थी और उनके एक लाइनमैन की बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरोपी अपने गांव में अवैध शराब का कारोबार भी चलाता था। आरोपी की पत्नी बिहार के सारण जिले की रहने वाली है। आजकल वह ससुराल के पास वाले गांव में किराए के मकान में छिपकर रह रहा था। यह अपनी आपराधिक गतिविधियों को छिपाने और पुलिस से बचने के लिए किराने की दुकान चला रहा था। आरोपी पर दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में हत्या, हत्या के प्रयास, सशस्त्र डकैती आदि सहित 15 मामले दर्ज पाये गये हैं।

## रोजगार मेले में 117 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज में समाज कार्य विभाग और समान अवसर सेल ने समावेशी रोजगार मेला 2024 का आयोजन किया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. राज किशोर शर्मा, विशिष्ट अतिथि शिवम देशपांडे व सतीश के, कॉलेज प्राचार्य प्रो सदानंद प्रसाद, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अंजली सुमन और समाज कार्य विभाग की प्रभारी व समन्वयक डॉ. तृष्टि भारद्वाज ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया। कार्यक्रम की संचालिका प्रो. रिचा ने सभी अतिथियों का सामान्य परिचय दिया।

इस रोजगार मेले में रोजगार के लिए 371 लोगों ने इंटरव्यू दिया जिसमें 324 दिव्यांग और 47 गैर दिव्यांग शामिल रहे। मेले में 117 अभ्यर्थियों कंपनियों द्वारा रोजगार प्रदान किया गया। रोजगार मेले में ताज होटल, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, सोनवर्षा प्राइवेट लिमिटेड और समर्थनम जैसी कंपनियां शामिल रहीं।


**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन: L74210DL1987PLC029979
**पंजीकृत कार्यालय:** 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
**फोन:** 011–42504954 / 4878, **फैक्स:** 28293822
**ईमेल आईडी:** sbecsystems@rediffmail.com **वेबसाइट:** www.sbecsystems.in

**35वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी**

प्रिय सदस्य(गण)

एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **शनिवार, 28 सितंबर, 2024 को दोपहर 02:00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से, 08 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्रों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, जिनमें सबसे नया कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी 25 सितंबर, 2023 का परिपत्र संख्या 09/2023, 05 जनवरी, 2023 का परिपत्र संख्या सेबी/एचआ/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 और प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा जारी 07 अक्टूबर, 2023 का परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी–पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/167 है। एजीएम बुलाने के नोटिस में निर्धारित कारोबार करने के लिए भारतीय विनिमय बोर्ड (सेबी) को सदस्यों को नियुक्त करना होगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से गिना जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से कंपनी के उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई–वोटिंग") प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान की सुविधा ("ई–वोटिंग") प्रदान कर रही है। रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग और सदस्यों द्वारा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम नोटिस इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए ई–मेल पते के पंजीकरण/अद्यतन का तरीका:

क. **डीमैट फॉर्म में रखे गए शेयरों के लिए:** कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ ईमेल पते और मोबाइल नंबर पंजीकृत/अपडेट करें।

ख. **भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिए:** कृपया फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन फॉर्म) को उसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरकर सहायक दस्तावेजों के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA), मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली – 110062 या ई–मेल: beetalrta@gmail.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट यानी www.sbecsystems.in और इसके RTA की वेबसाइट www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें, जिसमें एजीएम में शामिल होने के निर्देश और एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका शामिल है। कृपया किसी भी सहायता के लिए कंपनी को लिखें।

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
प्रियंका नेगी
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 04.09.2024